आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 19.08.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- विधानसभा का चार दिवसीय मॉनसून सत्र आज से ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में शुरू होगा।
- केदारनाथ यात्रा मौसम सुधरने के साथ फिर से शुरू; कल दो हजार से अधिक श्रद्धालु धाम के लिये हुए रवाना।
- पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने हिमाचल प्रदेश सरकार से जागड़ा पर्व के दौरान बस सेवा संचालन का अनुरोध किया।
- भारतीय मानक ब्यूरो ने चम्पावत में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

**<u>मॉनसून सत्र</u>**

राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में विधानसभा का चार दिवसीय मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। सत्र में अनुपूरक बजट सहित कई विधेयक पेश किए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, मंत्री, विधायक और अधिकारी गैरसैंण पहुंच चुके हैं। सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

वही, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सभा मंडप का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और ध्वनि व्यवस्था में सुधार को लेकर संतोष जताया। इस बार सत्र का संचालन ई–नेवा प्रणाली से होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि डिजिटल माध्यम से कार्यवाही अधिक पारदर्शी और प्रभावी होगी। महिला जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष कक्ष की व्यवस्था भी की गई है।

कार्य मंत्रणा की बैठक में सत्र की कार्ययोजना तय की गई। इसमें अनुपूरक बजट के साथ छह विधेयक लाए जाएंगे, जिनमें समान नागरिक संहिता संशोधन विधेयक, उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक, पंचायती राज अधिनियम संशोधन विधेयक, लोक साक्ष्य विधेयक, धर्मांतरण कानून संशोधन विधेयक और लोकतंत्र सेनानी पेंशन विधेयक शामिल हैं।

दलीय बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने सभी दलों से सहयोग की अपील की।

**<u>केदारनाथ यात्रा</u>**

केदारनाथ यात्रा एक बार फिर से शुरू हो गई है। सोनप्रयाग से कल शाम 6 बजे तक दो हजार श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शनों के लिए रवाना हुए, जबकि 800 यात्री दर्शन कर वापस लौटे। प्रशासन और पुलिस की निगरानी में यात्रियों को धाम भेजा गया और पैदल मार्ग पर लगातार निगरानी की गई।

मौसम सुधरने पर तीर्थयात्रियों को छौड़ी, चीरबासा, जंगलचट्टी, भीमबली और लिनचोली से सुरक्षित आगे भेजा गया। इस वर्ष 2 मई से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में अब तक 14 लाख 58 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

**<u>नियमावली निर्देश</u>**

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद– एस०सी०ई०आर०टी तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) की नियमावली शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिक्षा सचिव को तत्काल कार्मिक विभाग से समन्वय स्थापित कर नियमावली से संबंधित समस्याओं का समाधान करने को कहा है।

साथ ही, राज्य के 13 डायटों में प्रवक्ता के रिक्त 221 पदों पर शीघ्र भर्ती के लिए अधियाचन राज्य लोक सेवा आयोग को भेजने के निर्देश भी दिए गए। डॉक्टर रावत ने स्पष्ट किया कि अकादमिक पदों के रिक्त रहने से प्रशिक्षण कार्य बाधित हो रहे हैं, जिसका सीधा असर छात्रों की पढ़ाई पर पड़ रहा है।

शिक्षा मंत्री को अवगत कराया गया कि सभी डायटों में वरिष्ठ प्रवक्ता के 69 और प्रवक्ता के 53 पद रिक्त हैं, जबकि शेष स्वीकृत पदों पर विभागीय प्रवक्ताओं की नियुक्ति की जा चुकी है।

**<u>निर्देश</u>**

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने पारंपरिक वन ग्रामों और खत्तों में रह रहे लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य के प्रमुख वन संरक्षक को एक सप्ताह के भीतर कार्ययोजना पेश करने के निर्देश दिये हैं।

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया कि इन गांवों के लोग बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं से वंचित हैं और अपने अधिकारों से भी अनजान हैं।

**कड़ा रुख**

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पिथौरागढ़ वन प्रभाग की मुनस्यारी रेंज में इको हट निर्माण के दौरान वन अधिनियमों के उल्लंघन के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। मंत्रालय के देहरादून स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से राज्य के प्रमुख सचिव, वन, को भेजे पत्र में इस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई के लिए चार बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है।

यह कार्रवाई राज्य के मुख्य वन संरक्षक (कार्ययोजना) संजीव चतुर्वेदी की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। इस मामले में राज्य सरकार पहले ही 18 जुलाई को तत्कालीन प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. विनय भार्गव को कारण बताओ नोटिस जारी कर चुकी है।

मंत्रालय ने पत्र में उल्लंघन का विस्तृत विवरण और दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही अधिनियम के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों, प्राधिकरणों या संगठनों की पहचान कर उन पर उचित कार्रवाई करने को कहा गया है। इसके अलावा प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए लोगों या संस्थाओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए संबंधित अधिकारी को नामित करने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

**जागड़ा पर्व**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने 26 और 27 अगस्त को देहरादून के हनोल में होने वाले जागड़ा पर्व की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। उन्होंने सचिव पर्यटन, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और एसडीएम चकराता से सड़क, स्वास्थ्य सेवाएं, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, भंडारे की व्यवस्था, पुलिस और यातायात नियंत्रण, पार्किंग, शौचालय और विद्यालयों में अवकाश जैसी व्यवस्थाओं पर ध्यान देने को कहा।

श्री महाराज ने हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री को पत्र लिखकर हिमाचल से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बस सेवाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने शिमला, नेरुवा और पोंटा से हनोल–दसउ तक रोडवेज बस सेवाएं संचालित करने की मांग की है।

**बी.आई.एस**

भारतीय मानक ब्यूरो–बी.आई.एस ने विकास भवन चम्पावत में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों और विभागीय कार्मिकों को भारतीय मानकों के प्रति जागरूक करना और सरकारी कार्यों में गुणवत्ता एवं सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम जिलाधिकारी मनीष कुमार के मार्गदर्शन और मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती की अध्यक्षता में हुआ। इसमें भवन और सड़क निर्माण, खाद्य सुरक्षा, जल आपूर्ति और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे क्षेत्रों में बीआईएस मानकों की आवश्यकता और उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी गई।

बीआईएस के निदेशक सौरभ तिवारी ने विभागों से आग्रह किया कि वे क्रय प्रक्रियाओं में आई.एस.आई मार्क युक्त उत्पादों को प्राथमिकता दें। उन्होंने बताया कि बी.आई.एस विभिन्न विभागों के साथ मिलकर मानकों के अनुपालन के लिए कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और उन्हें अपने–अपने कार्यक्षेत्रों में बी.आई.एस मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रेरित किया गया।

**समीक्षा**

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने पीएमजीएसवाई के तहत हो रहे निर्माण कार्यों और बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिया कि मार्गों की त्वरित बहाली सुनिश्चित की जाए और निर्माण कार्य तय समय में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे हों।

जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण सड़कों का निर्माण ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा जीवन स्तर सुधारने के लिए अहम है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सेब की फसल को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क कनेक्टिविटी सुचारू रखने और मोरी क्षेत्र के भीतरी व दोणी जैसे दूरस्थ इलाकों में आवाजाही बहाल रखने के लिए मशीनें और जरूरी इंतजाम उपलब्ध रखने को कहा।

**<u>ध्वस्तीकरण कार्रवाई</u>**

मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने देहरादून और ऋषिकेश में कई जगहों पर अवैध निर्माण और प्लॉटिंग पर कार्रवाई करते हुए इसे ध्वस्त किया। एमडीडीए ने कहा है कि शहर में अवैध निर्माण किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

**<u>स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम</u>**

केंद्रीय विद्यालय नई टिहरी में एन.डी.आर.एफ की टीम ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम आयोजित किया। इसमें छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में आपदाओं से बचाव, प्राथमिक उपचार, स्ट्रेचर के इम्प्रोवाइजेशन तरीकों और खोज–बचाव में उपयोग होने वाले उपकरणों की जानकारी दी गई। टीम प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ठाकुर ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम पूरे राज्य में चलाए जा रहे हैं। डिप्टी कमांडेंट अवनीश पुरोहित की देखरेख में 2 सितंबर तक जिले के लगभग 15 स्कूलों में इस तरह के कार्यक्रम होंगे। इसी क्रम में आज घनसाली ब्लॉक तथा 2 सितंबर तक चंबा, थौलधार, प्रतापनगर और जाखणीधार विकासखंडों में भी आयोजन किए जाएंगे।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर**

उत्तराखंड का मानसून सत्र आज से गैरसैण में शुरू होने जा रहा है। सत्र को लेकर सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता से ख़बर प्रकाशित की है। राष्ट्रीय सहारा लिखता है – विपक्ष की गरज के साथ मुद्दों की बारिश के आसान। इसी समाचार को लेकर हिन्दुस्तान लिखता है – मानसून सत्र : सरकार बरसेगी या विपक्ष। नवोदय टाइम्स लिखता है – गैरसैण में मानसून सत्र आज से, हंगामे के भी आसार।

ऑपरेशन कालनेमि की एक खबर पर दैनिक जागरण समाचार पत्र लिखता है – पहचान छिपाकर सनातन धर्म में सक्रिय आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर कड़ाई से अंकुश लगाने के लिए तहसील और ब्लॉक स्तर पर गहन सत्यापन अभियान चलेगा।

उत्तरकाशी के धराली में खोज एवं बचाव कार्य जारी है। इस खबर को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण लिखता है – धराली से आपदा के 13 दिन बाद मिला एक और शव। हिन्दुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है – हर्षिल और धराली क्षेत्र में राहत व बचाव कार्य प्रभावित, हेली सेवा दो दिन से बंद।

माध्यमिक शिक्षा परिषद रामनगर अंक सुधार परीक्षा परिणाम जल्द घोषित करेगा। इस खबर पर अमर उजाला लिखता है – इसी माह जारी होगा दसवीं व बारहवीं का सुधार परीक्षा परिणाम।